Inquiries against retired employees of Western Railway

2911. SHRI RAM CHANDRA VIKAL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Western Railway had conducted inquiries against the retired employees, who retired from service during the period from 1st January 1985 to 30th June, 1986; and

(b) if so, on what grounds and the details thereof?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS. (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) and (b) Three officers/staff of the Western Railway who retired between 1st January, 1985 and 30th June, 1986 are facing inquiry. They are facing charges arising out of vigilance investigations.

एअर इंडिया में ठेकेदारों द्वारा सफाई कार्य कराया जाना

2912. **श्री राम चन्द्र विकल:** क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि एयर इंडिया तथा इंडियन एयरलाइन्स में सफाई कार्य ठेकेदारों के द्वारा करवाया जा रहा है ;

(ख) इसके क्या कारण हैं ; और

(ग) क्या यह सच है कि ठेकेदार सफाई कर्मचारियों को न्यूनतम मजदूरी भी नहीं दे रहे हैं तथा इस प्रकार ठेकेदारों के जरिए बंधुआ मजदूरी की प्रथा चलाई जा रही है ; यदि हां, तो सफाई कर्मचारियों की नियमित भर्ती न किये जाने के क्या कारण हैं ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) और (ख) एयर इंडिया में सफाई का कार्य पूर्ण-कालिक नहीं होता है, इसलिए यह कार्य निगम द्वारा ठेकेदारों को सौंपा गया है । जहां तक इंडियन एयरलाइन्स का संबंध है, सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) एयर इंडिया द्वारा ठेकेदारों के साथ किये गये अनुबन्ध में यह व्यवस्था है कि ठेकेदार मजदूर को सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के अधीन समय-समय पर निर्धारित न्यूनतम मजदूरी देगा । मुख्य नियोक्ता के रूप में निगम यह सुनिश्चित करता है कि ठेकेदार द्वारा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान किया जाता है । ठेकेदारों द्वारा लगाए गए मजदूर को बंधुआ मजदूर नहीं समझा जाता है । इंडियन एयरलाइन्स के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

इंडियन एयरलाइन्स में दैनिक मजदूरी कामगार

2913. **श्री राम चन्द्र विकल** : क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन एयरलाइन्स (उत्तरी क्षेत्र) में नवम्बर, 1985 से लेकर अब तक दैनिक मजदूरी पर कितने सफाई कामगार नियुक्त किये गए हैं ;

(ख) क्या नवम्बर, 1985 में सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए इन्टरव्यू लिये गये थे और सफल प्रत्याशियों की वरिष्ठता सूची तैयार की गई थी ;

(ग) क्या अब तक नियुक्त किये गये सफाई कर्मचारियों के नाम वरिष्ठता सूची में हैं ; और

(घ) वरिष्ठता सूची होने के बावजूद दैनिक मजदूरी पर भर्ती करने के क्या कारण हैं और कब तक नियमित आधार पर नियुक्तियां किये जाने की सम्भावना है ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी ।